# सभा समाचार

दिनांक 8 अगस्त 2015 को 'कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज जयपुर, राजस्थान' के महा-सचिव डा विजय मिश्रा का लखनऊ आगमन हुआ। डा मिश्रा जयपुर से लखनऊ में 'स्वच्छ गंगा परियोजना' की अनुपूरक संस्था 'आदिगंगा-गोमती सफाई परियाजना' कार्यक्रम में भाग लेने पधारे थे। डा॰ विजय मिश्रा ने राजस्थान या अन्य राज्यों में बसे कान्यकुब्ज लोगों के बच्चों में विवाह आदि की कठिनाइयों को देखते हुए 'अखिल भारतीय कान्यकुब्ज ब्राह्मण सभा' की स्थापना करी। इसका एक उद्देश्य राजस्थान व अन्य राज्यों में बिखरे हुए कान्यकुब्ज ब्राह्मणों को एक मंच पर लाना भी था। वर्तमान में इस संस्था के साथ सारे भारत के कान्यकुब्ज ब्राह्मण जुड़े हैं। इस सभा ने अपनी एक <kaanyakubjbrahman॰org> नाम से एक वेब-साइट भी लांच की है।

वेब-साइट व टेलेफोन के माध्यम से विजय मिश्र जी हम सभी से निरंतर संपर्क में रहते है। उनके लखनऊ आगमन पर 'अखिल भारतीय श्री कान्यकुब्ज प्रतिनिधि सभा लखनऊ' की ओर से डा॰ डी॰एस॰ शुक्ल ने निज निवास पर सभा के सभी कार्यकारी सदस्यों को डा॰ विजय मिश्र के स्वागत हेतु एक गोष्ठी का आयोजन किया। इस गोष्ठी में सर्वश्री जितेंद्र कुमार त्रिपाठी, डा आर के मिश्र, श्री ए के त्रिपाठी, जी एस मिश्रा, आर पी अवस्थी व कु॰ प्रेमप्रकाशिनी मिश्रा के अलावा नगर के विख्यात नेत्र-रोग विशेषज्ञ डा वी के मिश्रा उपस्थित रहे। सरयूपारी ब्राह्मणों का प्रतिनिधित्व श्री एच पी त्रिपाठी ने किया। सभा के अध्यक्ष न्यायमूर्ति श्री डी के त्रिवेदी जी, महासचिव श्री उपेंद्र मिश्र व श्री हरेन्द्र मिश्र जी शहर से बाहर होने व उपाध्यक्ष श्री पी एन मिश्र, उप-सचिव श्री कृपा शंकर दीक्षित निज व्यस्तता के चलते नहीं आ सके।

उस गोष्ठी में उपस्थित सबसे वरिष्ठ व्यक्ति श्री जितेंद्र कुमार त्रिपाठी को कार्यवाहक अध्यक्ष मनोनीत कर सभा का प्रारम्भ हुआ। सभी सदस्यों ने डा विजय का दिल से स्वागत किया। विजय मिश्र ने जयपुर सभा व वेबसाइट की गति विधियों के बारे में हम लोगों को सूचित किया। उन्होंने बताया कि जयपुर में सभा ने एक 'कान्यकुब्ज-भवन' का निर्माण कराया है जिसमें बाहर से आने वाले कान्यकुब्ज बंधुओं को रू॰ 50=00 मात्र पर रुकने की सुविधा प्रदान की जाती है। विजय मिश्र जी ने सरयूपारियों को सगा भाई बताते हुए श्री एच पी त्रिपाठी जी का स्वागत किया और प्रसन्नता व्यक्त की कि लखनऊ की सभा सभी ब्राह्मणों को साथ लेकर चल रही है।

सभा की तरफ से डा विजय मिश्रा के लखनऊ आगमन पर एक सम्मान पत्र भी भेंट किया गया।

अखिल भारतीय श्री कान्यकुब्ज प्रतिनिधि-सभा, लखनऊ





अखिल भारतीय श्री कान्यकुब्ज प्रतिनिधि-सभा, लखनऊ

श्री विजय मिश्रा, महासचिव

कान्यकुब्ज सभा राजस्थान, जयपुर

के

लखनऊ आगमन पर उनका स्वागत करती है


और

सम्मानित करती है

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अध्यक्ष | | उपाधायक्ष1 | उपाध्यक्ष2 | महासचिव |
| सदस्य-- | कु प्रेम प्रकाशिनी मिश्रा | डा डी एस शुक्ल | जी एस मिश्रा | आर पी अवस्थी |



दिनांक- 8 अगस्त 2015



---------------------------------------------------------------------------------

**सम्मान-पत्र की अनुकृति**